## कार्यपत्र-13

1. **सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) 'वह मंदिर गया होगा।'– वाक्य में कौन-सा काल भेद है? (iv) संदिग्ध भूतकाल ✓

(ख) 'माँ बाज़ार जा रही हैं।'– वाक्य में काल भेद है– (ii) अपूर्ण वर्तमान काल ✓

(ग) 'शायद मुझे कल आगरा जाना पड़े।'– वाक्य में काल भेद बताइए। (iii) संभाव्य भविष्यत् काल ✓

(घ) 'कमल का भाई जा चुका है।'– वाक्य में काल भेद होगा– (i) आसन्न भूतकाल ✓

(ङ) 'बच्चे मैदान में खेल रहे होंगे।'– वाक्य में काल भेद है– (iii) संदिग्ध वर्तमान काल ✓

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) क्रिया के जिस रूप से भूतकाल में क्रिया पूर्ण होने का बोध हो, उसे पूर्ण भूतकाल कहते हैं।
जैसे– मैंने खाना खा लिया था।
क्रिया के जिस रूप से भूतकाल में क्रिया के पूर्ण होने का बोध न हो, उसे अपूर्ण भूतकाल कहते हैं।
जैसे– बच्ची खेल रही थी।

(ख) क्रिया के जिस रूप से वर्तमान समय में कार्य के होने का बोध हो, उसे वर्तमान काल कहते हैं। इसके तीन भेद हैं– 1. सामान्य वर्तमान काल 2. अपूर्ण वर्तमान काल 3. संदिग्ध वर्तमान काल

(ग) क्रिया के जिस रूप से भविष्यत् काल में कार्य के होने की संभावना का बोध हो, उसे संभाव्य भविष्यत् काल कहते हैं। जैसे– शायद आज वर्षा हो।

3. **निम्नलिखित वाक्यों का काल भेद लिखिए।**

(क) मैं कल मामा जी के घर जाऊँगा। — सामान्य भविष्यत् काल

(ख) शायद वह नहा रहा होगा। — संदिग्ध वर्तमान काल

(ग) यदि तुम वहाँ होते तो बहुत खुश होते। — हेतुहेतुमद भूतकाल

(घ) गरिमा ने नए कपड़े खरीदे। — सामान्य भूतकाल

(ङ) गार्ड रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाता है। — सामान्य वर्तमान काल

4. **निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए।**

(क) संगीता पढ़ रही थी। (अपूर्ण वर्तमान काल में) — संगीता पढ़ रही है।

(ख) कल बादल गरज रहे थे। (संभाव्य भविष्यत् काल में) — संभवतः कल बादल गरजेंगे।

(ग) मेहनत करोगे तभी कामयाबी पाओगे। (हेतुहेतुमद भूतकाल) — यदि मेहनत करते तो कामयाबी पाते।

(घ) सचिन अपनी नानी के घर गया था। (संदिग्ध वर्तमान काल में) — सचिन अपनी नानी के घर जा रहा होगा।

(ङ) बच्चे बगीचे से फूल तोड़ेंगे। (आसन्न भूतकाल) — बच्चे बगीचे से फूल तोड़ चुके हैं।

5. **निम्नलिखित काल भेदों का एक-एक उदाहरण लिखिए।**

(क) पूर्ण भूतकाल — छाया ने फ़िल्म देखी थी।

(ख) संदिग्ध वर्तमान काल — राहुल पढ़ रहा होगा।

(ग) संभाव्य भविष्यत् काल — शायद आज मुझे जाना होगा।

(घ) हेतुहेतुमद भूतकाल — तुम बुलाते तो मैं अवश्य आता।